दिनांक : 23 जनवरी, 2014

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री राजनाथ सिंह द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती पर फेसबुक पोस्ट

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने आज भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पुरूष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन के अवसर पर उनके जन्म स्थान कटक के ओडिया बाजार जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताजी की मृत्यु हमारे लिए अभी भी रहस्य बनी हुई है। पूरा देश यह जानना चाहता है कि नेताजी की मृत्यु कैसे और किन परिस्थितियों में हुई। उनकी मृत्यु के रहस्य की जानकारी सरकार सामने लाए, ताकि लोगों को सच्चाई पता लग सके।